महत्वपूर्ण

संख्या–1462 / सैंतीस–2–2022–5(53)18 टी0सी0–2

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
प्रशासन एवं विकास,
पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पशुधन अनुभाग–2 लखनऊ :: दिनांक 02 अगस्त, 2022

विषयः–प्रदेश में स्थापित गो–आश्रय स्थलों के निरीक्षण, **H.S.** रोग टीकाकरण, बाढ़ / सूखा प्रबंधन तथा पशुपालन विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की समीक्षा एवं भौतिक सत्यापन हेतु विभागीय नोडल अधिकारियों का 2–7 अगस्त, 2022 के मध्य भ्रमण कार्यक्रम।

महोदय,

आप अवगत है कि प्रदेश सरकार गोसंरक्षण एवं संवर्धन हेतु कटिबद्ध है। इस क्रम में स्थापित गो–आश्रय स्थलों एवं अन्य विभागीय योजनाओं के कियान्वयन के स्थिति ज्ञात करने हेतु समय–समय पर विभागीय नोडल अधिकारी नामित कर जनपदों में भ्रमण हेतु भेजे जाते रहे है। वर्तमान में संचारी रोग के नियंत्रण की आवश्यकता, जल भराव एवं बाढ़ आपदा तथा सूखा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रत्येक मण्डल में संलग्न सूची के अनुसार नोडल अधिकारी नामित करते हुए उपर्युक्तानुसार निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु स्थापित गो–आश्रय स्थलों का निरीक्षण, संचारी रोग टीकाकरण, बाढ़ सूखा प्रबंधन तथा पशुपालन विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं / कार्यकमों की समीक्षा एवं भौतिक सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है।

2. उपर्युक्त के कम में मण्डलवार नामित नोडल अधिकारी दिनांक 02 अगस्त, 2022 को सायंकाल अथवा विलम्बतम दिनांक 03 अगस्त, 2022 बुधवार को प्रातः 08 बजे तक आंवटित मण्डल में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। नोडल अधिकारियों द्वारा दिनांक 3, 4, 5 एवं 6 अगस्त, 2022 को संबंधित मण्डल के न्यूनतम 03 जनपदों में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा एवं स्थलीय भौतिक सत्यापन किया जायेगा। निरीक्षण / सत्यापन के उपरान्त निर्धारित संलग्न प्रारूप पर दिनांक 06 अगस्त, 2022 शनिवार को सूचना, निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को ई–मेल आई0डी0 **jdgoshala.up@gmail.com** पर उपलब्ध करायी जायेगी। नोडल अधिकारी रविवार दिनांक 07.08.2022 को वापस लौटेंगे। निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग द्वारा समेकित सूचना दिनांक 08.08.2022 तक शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।

3. अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मण्डलवार नामित नोडल अधिकारी निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे :–

(1) नोडल अधिकारी द्वारा प्रवास के दौरान प्रत्येक दिन आंवटित मण्डल के 01 जनपद की 02 ग्रामीण एवं 01 शहरी गौ–आश्रय स्थल का निरीक्षण एवं भौतिक सत्यापन

(2) मा0 मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत सुपुर्दगी में दिये गये गोवंश का सत्यापन भी सुनिश्चित किया जाएगा

(3) प्रदेश में पशुओं को गला घोंटू ( H.S ) बीमारी से बचाव हेतु दिनांक 01 अगस्त, 2022 से 12 अगस्त, 2022 (प्रथम फेज) एवं 17 अगस्त, 2022 से 30 अगस्त, 2022 (द्वितीय फेज) तक टीकाकरण के सघन अभियान की प्रगति समीक्षा की जाएगी तथा H.S टीकाकरण का विकास खण्ड स्तरीय एवं जनपद स्तरीय माइक्रोप्लान की समीक्षा एवं सत्यापन किया जाएगा

(4) सम्भावित बाढ़/सूखा के दृष्टिगत पशुपालन विभाग की प्रबंधन योजना की समीक्षा की जाएगी

(5) अन्य विभागीय योजनाओं यथा KCC की समीक्षा की जाएगी

4. स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त विभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा मार्ग–दर्शन दिया जाएगा एवं राजस्व /नगर विकास/ग्राम्य विकास/पंचायती राज विभाग के अधिकारियों द्वारा आवश्यकता अनुसार प्रतिभाग किया जाएगा।

5. भौतिक सत्यापन एवं जनपद स्तर पर समीक्षा उपरान्त रिपोर्टिंग हेतु प्रारूप 01 एवं 02 संलग्न किया जा रहा है। तद्नुसार अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सूचना निर्धारित प्रारूप पर समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक'– निर्धारित प्रारूप–1 व 2

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
अपर मुख्य सचिव।

संख्या–1462(1)/सैंतीस–2–2022–5(53)18 टी0सी0–2

1. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 शासन
2. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, पशुधन विभाग, उ0प्र0
3. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन
4. विशेष कार्याधिकारी, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन
5. समस्त मण्डलायुक्त उ0प्र0
6. समस्त जिलाधिकारी उ0प्र0
7. समस्त नोडल अधिकारी (संलग्न सूची के अनुसार) द्वारा निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग उ0प्र0
8. समस्त अपर निदेशक, ग्रेड–2/मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उ0प्र0।
9. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
विशेष सचिव।

## प्रदेश में संचालित गो–आश्रय स्थलों, संचारी रोग टीकाकरण एवं अन्य योजनाओं के निरीक्षण हेतु नामित नोडल अधिकारियों की सूची–

| क0सं0 | मण्डल | अधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | कानपुर | श्री शशि भूषण लाल सुशील, दुग्ध आयुक्त, उ0प्र0 लखनऊ |
| 2 | अयोध्या | श्री कुणाल सिल्कू, एम0डी0 पी0सीडी0एफ |
| 3 | प्रयागराज | श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, विशेष सचिव पशुधन, उ.प्र. शासन |
| 4 | आगरा | श्री राम सहाय यादव, विशेष सचिव, कृषि (समन्वय) उ0प्र0 शासन |
| 5 | वाराणसी | डा0 इन्द्रमणि, निदेशक, प्रशासन एवं विकास पशुपालन विभाग उ.प्र. लखनऊ |
| 6 | गोरखपुर | डा0 पी.के. सिंह, अपर निदेशक, ग्रेड–2, पशुपालन विभाग उ.प्र. लखनऊ |
| 7 | चित्रकूट | डा0 अरविन्द कुमार सिंह, अपर निदेशक, गोधन, पशुपालन विभाग, उ.प्र. लखनऊ |
| 8 | विन्ध्याचल | डा0 एस.पी. पाण्डेय, अपर निदेशक, देवीपाटन मण्डल |
| 9 | मेरठ | श्री जयकेश पाण्डेय, अपर निदेशक पशुपालन विभाग उ0प्र0 लखनऊ |
| 10 | झांसी | डा0 जे.पी. वर्मा, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, मुख्यालय, लखनऊ। |
| 11 | बरेली | डा0 अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, मुख्यालय, लखनऊ। |
| 12 | मुरादाबाद | श्री दिनेश कुमार सिंह, उप निदेशक, प्रशासन, पशुपालन विभाग, मुख्यालय, लखनऊ |
| 13 | अलीगढ़ | डा0 ए.के. प्रसाद, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, मुख्यालय, लखनऊ |
| 14 | सहारनपुर | डा0 अनिल सोलंकी, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, मुख्यालय, लखनऊ |
| 15 | आजमगढ़ | डा0 जिलेदार सिंह, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, मुख्यालय लखनऊ |
| 16 | देवीपाटन | डा0 टी.के. तिवारी, अपर निदेशक, आजमगढ़ |
| 17 | लखनऊ | डा0 एस0के0 अग्रवाल, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, मुख्यालय लखनऊ |
| 18 | बस्ती | डा0 डी.के. बंसल, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग मुख्यालय लखनऊ |

शासनादेश संख्याः 1462/37-2-2022 दिनांक 2-8-22
से संबन्धित रिपोर्टिंग
प्रारूप–1

जनपदः मण्डलः
विकास खण्ड/नगर निकाय : दिनांकः

## भौतिक/स्थलीय निरीक्षण आख्या

| क0सं0 | निरीक्षण के बिन्दु | आख्या |
|---|---|---|
| 1 | निरीक्षण किये गये गोआश्रय स्थल का नाम | |
| 2 | कुल संरक्षित गोवंश की संख्या | नर–<br>मादा–<br>योग– |
| 3 | टैग वाले गोवंश की संख्या<br>बिना टैग वाले गोवंश संख्या | |
| 4 | नर गोवंश बधियाकरण की स्थिति–संख्या | |
| 5 | ग्रीष्म/वर्षा/संभावित सूखे/बाढ़ से बचाव हेतु कराये गये कार्य/व्यवस्था | |
| 6 | गोवंश स्थल पर शेड की व्यवस्था गोवंश क्षमता के अनुपात में हैं/नहीं | |
| 7 | गोवंश के खाने के लिए नाद की व्यवस्था गोवंश संख्या के अनुसार है/नही | |
| 8 | गोवंश स्थल पर गोवंश को पीने के पानी की व्यवस्था–<br>ट्यूबवेल/बोरिंग हैं/नहीं | |
| 9 | रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था– विद्युत/सोलर है/नही | |
| 10 | भूसा भंडारण गोदाम क्षमता (कुन्तल में) हैं/नहीं<br>स्थायी/अस्थायी | |
| 11 | भूसा की उपलब्धता हैं/नहीं<br>यदि है तो मात्रा कुन्तल में | |
| 12 | हरे चारे की उपलब्धता कुन्तल में | |
| 13 | दाना/सकेन्द्रित आहार की उपलब्धता कुन्तल में | |
| 14 | मिनरल मिक्चर की उपलब्धता किग्रा में | |
| 15 | गोआश्रय स्थल से लिंक्ड चारागाह (एकड़ में) | |
| 16 | हरा चारा बोये होने की स्थिति हॉ/नहीं | |
| 17 | संबन्धित ग्राम सभा में मुख्य मंत्रीजी सहभागिता योजना में सुपुर्द गोवंश की संख्या | |
| 18 | सत्यापन के समय सुपुर्द गोवंश की उपलब्धता | |
| 19 | एच0एस0 बैक्सीनेशन की स्थिति | |
| 20 | संबन्धित विकास खण्ड स्तर पर एच0एस0 वैक्सीनेशन के माईक्रोप्लान की स्थिति | |
| 21 | यदि गोआश्रय स्थल संभावित जलप्लावन क्षेत्र में हैं तो वैकल्पिक स्थान की उपलब्धता है/नहीं, विवरण भी दें। | |

अभ्युक्ति :

हस्ताक्षर

नाम एवं पदनाम (स्पष्ट लिखे)

प्रारूप –2

## जनपद की समीक्षात्मक सूचना

जनपदः मण्डल

दिनांक

| क्र0स0 | समीक्षा के बिन्दु | प्रगति |
|---|---|---|
| 1 | कुल गोआश्रय स्थलों की संख्या | |
| 1क | अस्थायी गोआश्रय स्थल | |
| 1ख | स्थायी गोआश्रय स्थल | |
| 2 | जनपद में संरक्षित निराश्रित गोवंश संख्या | |
| 3 | संरक्षित गोवंश के सापेक्ष इयर टैग्ड पशु (संख्या) | |
| 4 | भूसा भण्डारण क्षमता–<br>अस्थायी कु0 में<br>स्थायी, कु0में | |
| 5 | जनपद में कुल संरक्षित भूसा कु0में | |
| 6 | संरक्षित गोवंश हेतु हरे चारे की व्यवस्था | |
| 6क | क्षेत्रफल जिसमें हरा चारा बोया गया है–एकड़ में | |
| 7 | दाना/संकेन्द्रित आहार की उपलब्धता कु0 में | |
| 8 | मिनरल मिक्स्चर की उपलब्धता कि0ग्रा0 में | |
| 9 | पीने हेतु स्वच्छ पानी की व्यवस्था है/नहीं | |
| 9क | पानी पीने हेतु चरही की संख्या | |
| 9ख | ट्यूबवेल/बोरिंग की संख्या | |
| 10 | प्रकाश व्यवस्था है/नहीं | |
| 10क | विद्युत कनेक्शन (स्थलों की संख्या) | |
| 10ख | सोलर पैनल (स्थलों की संख्या) | |
| 11 | मनरेगा अंतर्गत नवीन निर्माणाधीन गो–आश्रय स्थल–संख्या | |
| 12 | भरण–पोषण धनराशि की उपलब्धता रू0 लाख में | |
| 13 | किस माह तक का भुगतान किया गया है। | |
| 14 | वृहद गो–संरक्षण केन्द्र की स्थिति– प्रत्येक का पृथक–पृथक विवरण दें | |
| 15 | मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के स्तर से निर्गत शासनादेश दिनांक 01 जून, 2022 के संलग्नक प्रारूप 3 एवं प्रारूप 4 की सूचना का विस्तृत अध्ययन/कमी का कारण एवं विवरण | |
| 16 | कमी पाये जाने पर निदेशालय के प्रारूप 1 एवं 2 पर सूचना के प्रेषण की स्थिति | |
| 17 | पी0एफ0एम0एस0–जीरो बैलेन्स खाता खोले जाने की स्थिति | |

मा0 मुख्यमंत्री सहभागिता योजना

| | | |
|---|---|---|
| 18 | सुपुर्दगी में दिये गये गोवंश की संख्या | |
| 19 | सुपुर्दगी में लाभांवित परिवार | |
| 20 | पोषण मिशन अंतर्गत दिए गये दुधारू गोवंश | |
| 21 | पोषण मिशन अंतर्गत लाभांवित परिवार | |
| 22 | लाभार्थी को किस माह तक का भुगतान किया गया है | |
| 23 | यदि भुगतान में विलम्ब है तो कारण | |

एच0एस0 बैक्सीनेशन प्रगति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | टीकाकरण लक्ष्य | |
| 2 | वैक्सीन की उपलब्धता | |
| 3 | टीकाकरण प्रगति | |
| 4 | जनपद स्तरीय माईक्रोप्लान की स्थिति | |

के0सी0सी0 प्रगति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | लक्ष्य– संख्या | |
| 2 | बैंकों में प्रेषित आवेदन (संख्या) | |
| 3 | स्वीकृत हुए नवीन किसान क्रेडिट कार्ड (संख्या) | |
| 4 | स्वीकृत किसान क्रेडिट कार्ड के सापेक्ष कुल धनराशि रू0 में | |

एन0ए0आई0पी0 –3 की प्रगति

| | | |
|---|---|---|
| 1 | लक्ष्य–बोवाईन कवरेज | |
| 2 | आच्छादित वोवाईन कवरेज | |
| 3 | ईनाफ पर अपलोडेड प्रगति | |

हस्ताक्षर
नाम एवं पदनाम (स्पष्ट लिखे)